पंजाब केसरी
22-11-2025

जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों को दी कम्प्यूटर नैटवर्किंग की जानकारी

जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को कम्प्यूटर नैटवर्किंग की जानकारी देते विशेषज्ञ। (देवदत्त)

अम्बाला, 21 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में वीरवार को कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में कम्प्यूटर नैटवर्किंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कम्प्यूटर नैटवर्किंग की जानकारी देकर उनके व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी कौशल को नैटवर्किंग के निरंतर विकसित होते क्षेत्र से रूबरू करवाना था।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता उमाकांत गांधी ने अपने व्यापक अनुभव और गहन ज्ञान के साथ नवीनतम नैटवर्किंग अवधारणाओं, तकनीकों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यशाला की शुरुआत डा. सुरजीत सिंह के स्वागत संभाषण के साथ हुई, जिन्होंने आज की तकनीकी युग में नैटवर्किंग कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। कम्प्यूटर साइंस विभाग की प्रो. नीलम एवं प्रो. उपिंदर ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला के इंटरएक्टिव सत्र ने छात्रों को विशेषज्ञ के साथ संवाद करने, बहुमूल्य जानकारी प्राप्त करने और अपनी शंकाओं को स्पष्ट करने का अवसर प्रदान किया।